उपखण्ड अधिकारी
शिव

राजस्व लोक अदालत मेगा लोक अदालत केम्प शिव न्याय आपके द्वार 2018

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी शिव जिला बाड़मेर

राजस्व आवेदन संख्या :– 143/2018 अन्तर्गत धारा 131, 136 आर.एल.आर.एक्ट

प्रार्थी	विप्रार्थीगण
सांवलसिंह पुत्र पनेसिंह कौम राजपुत निवासी–रासारा तला (मूंगेरिया) तहसील–शिव, जिला–बाड़मेर	1. तहसीलदार (भू0अ0) शिव 2. सुरतदान पुत्र मुलदान कौम चारण निवासी–रासारा तला, तहसील–शिव

दिनांक	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुकम की तामील मे जारी हुए
30.06.18	पत्रावली बमुकाम मेगा लोक अदालत कैम्प शिव पेश हुई। प्रार्थी मय वकील उपस्थित। विप्रार्थी संख्या 1 उपस्थित। प्रकरण में मौका रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। वकील प्रार्थी की बहस हैं कि प्रार्थी की आवंटनशुदा खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 556/197 रकबा 75.00 बीघा मौजा रासारा तला तहसील शिव में अवस्थित है। विप्रार्थी संख्या 2 को भी 75.00 बीघा भूमि आवंटित हुई थी, जिसका खसरा नम्बर 573/197 है। उक्त दोनो खसरे मूल खसरा नम्बर 197 से विभक्त होकर बने है। उक्त आवंटनों का राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करने के दौरान तत्समय के लट्ठा नक्शा में वास्तविक आवंटनशुदा स्थान पर तरमीम की गई थी और उसी स्थान पर आवंटियों को कब्जा सुपुर्द किया गया था किन्तु नवीन नक्शा में बिना किसी सक्षम आदेश और बिना विधिक प्रकिया अपनाये वास्तविक कब्जा स्थिति से भिन्न उक्त दोनों खसरों की तरमीम कर दी गई जिससे लट्ठा नक्शा एवं मौका स्थिति में भिन्नता आ गई है। अतः प्रार्थी माफिक कब्जा काश्त एवं अपने वास्तविक आवंटनशुदा स्थान पर विवादित भूमि की तरमीम दुरस्त करवाने का अधिकारी है। विप्रार्थी संख्या 2 के पुत्र मुकेश, जो वक्त मौका निरीक्षण मौके पर मौजूद था, ने माफिक मौका फर्द के संलग्न नक्शा विवादित भूमि की तरमीम दुरस्त किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की। वकील प्रार्थी ने दस्तावेजी साक्ष्य में खसरा नम्बर 556/197 मौजा रासारा तला की वर्तमान जमाबंदी, विवादित भूमि का वर्तमान लट्ठा नक्शा, उक्त भूमि का पुराना लट्ठा नक्शा, खसरा नम्बर 573/197 मौजा रासारा तला की वर्तमान जमाबंदी, नकल नामान्तकरण संख्या 45, 46, 47, 58, 59 व 582 मौजा मूंगेरिया प्रस्तुत किये हैं। हमने वकील प्रार्थी की बहस पर मनन तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एव नायबतहसीलदार शिव द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट मय नक्शा का अवलोकन किया। रिपोर्ट के अनुसार मौजा रासारा तला, तहसील शिव की खसरा नम्बर 556/197 व 573/197 की वर्तमान लट्ठा नक्शा में विधमान तरमीम पक्षकारान की कब्जा स्थिति से भिन्न पाई गई। रिपोर्ट मुताबिक उक्त खसरो के खातेदारो का मौके पर पुराने लट्ठा नक्शे में विधमान तरमीम अनुसार कब्जा काश्त है और इसी स्थान पर उन्हें वक्त आवंटन कब्जा सुपुर्द किया गया था। ऐसी सूरत में विवादित भूमि की तरमीम मौका फर्द के संलग्न नक्शे के अनुसार दुरस्त किये जाने में कोई आपति प्रतीत नहीं होती है। लिहाजा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम रासारा तला तहसील शिव की खसरा नम्बर 556/197 व 573/197 रकबा प्रत्येक का 75.00 बीघा भूमि की लट्ठा नक्शा में विधमान तरमीम निरस्त करते हुए नायबतहसीलदार शिव द्वारा मौका फर्द के संलग्न प्रेषित नक्शा अनुसार दुरस्त करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार शिव को तदनुसार दुरस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है। मौका फर्द के संलग्न प्राप्त नक्शा इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश आज दिनांक 30.06.2018 को बमुकाम मेगा कैम्प शिव सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। उपखण्ड अधिकारी शिव	

Scanned by CamScanner